# मोहन तुम बिन नींद ना आए

मोहन तुम बिन नींद ना आए, आए तो स्वप्न सताए,
मुझे क्या हो गया है..
दिल को मेरे चैन ना आए तेरी याद सताए,
मुझे क्या हो गया है.....

ओ मेरे बारे कन्हैया लुट गई हूं मैं तो तेरे प्यार में, तेरे प्यार में,
हृदय में बस गई तेरे सांवरे सलोने दिलदार में, दिलदार में,
बिन देखे मोहे चैन ना आए देखकर मन हर्षाये
मुझे क्या हो गया है....

अपना बना लो मोहन छोड़ ना जाना बीच धार में, बीच धार में,
छोड़ी है नैया तुम पर चाहती हूं होना भव पार में, भव पार में,
पार लगा दो बह ना जाए तुम पर आस लगाए,
मुझे क्या हो गया है.....

तुम को ही सौंपा तनमन करती हूं जीवन न्योछार में, न्योछार में,
चरणों की दासी बनकर सेवा करूंगी हर बार में, हर बार में,
खानपान तुम बिन ना भाए चाहे तो जान ही जाए,
मुझे क्या हो गया है.....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/26603/title/mohan-tum-bin-neend-na-aaye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |